तापमान

अधिकतम 18 .6 डिग्री

न्यूनतम 6 .0 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026



12 प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में उत्कृष्ट...







13 पर्यटन स्थल के रूप में सौन्दर्य बढ़ाएंगी...




बुधवार सुबह कोहरे में लिपटा बावल रोड।



ठंड से बचाव करते भाड़ावास रोड से गुजरते हुए।



# नए साल की शुरूआत कड़ाके की ठंड से, पारा गिरने से बढ़ने लगी ठिठुरन

## आज बूंदाबांदी होने की जताई जा रही संभावना, कोहरा भी कुछ दिनों तक करेगा परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

आसमान में आंशिक बादल छाते ही दिन के समय भी ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। नए साल के शुरू में ही हाड़ कंपाने वाली ठंड का सामना करना पड़ सकता है। साल के पहले ही दिन आसमान में बादल छाने व बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान कोहरे का प्रकोप भी बढ़ सकता है।

बुधवार को सुबह के समय घना कोहरा छाने से वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी रही। सुबह 10 बजे तक कोहरे की दृश्यता काफी कम रही, जिससे वाहन चालकों को लाइटें जलाकर एक-दूसरे के पीछ चलना पड़ा। इसके बाद तेज धूप खिलने से कोहरा साफ हो गया। दोपहर तक आसमान में आंशिक बादल छा गए, जिससे ठंड का असर काफी बढ़ गया। अधिकतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस गिरकर 18.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 0.2 डिग्री की गिरावट के साथ 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 13 किलोमीटर प्रति घंटा से चली ठंडी हवाओं ने शीतलहर का अहसास करा दिया। हवा में नमी का स्तर भी 90 प्रतिशत तक हो गया। गत वर्ष के मुकाबले इस बार दिन का तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। गत वर्ष साल के अंतिम दिन दिन का तापमान 14.5 डिग्री और रात का 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार दिन का तापमान दिसंबर माह में दूसरी बार इस स्तर पर आया है। अभी दिन का मौसम गर्म हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार 1 जनवरी को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगर बूंदाबांदी होती है, तो इससे कोहरे का प्रकोप कुछ दिनों तक परेशान कर सकता है। दिन के तापमान में आने वाले दिनों में और कमी आने के आसार हैं।



रेवाड़ी। शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन, बचाव के साथ जाता बाइक सवार।

### ठंड के साथ बढ़ा प्रदूषण का स्तर

ठंड और हवा में नमी का स्तर बढ़ने से प्रदूषण की समस्या भी बढ़ने लगी है। बुधवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई बढ़कर 300 के करीब पहुंच गया था। दोपहर के समय धूप निकलने के बाद यह कम होकर 250 से भी नीचे आ गया। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक अगर ठंड बढ़ती है, तो इससे प्रदूषक कारक तत्व जमीन के आसपास ही मंडराते रहेंगे। इससे एक्यूआई में और वृद्धि हो सकती है। अगर बारिश होती है, तो उससे प्रदूषण साफ हो जाएगा। अगर बारिश नहीं होती है, तो कड़ाके की ठंड में लोगों का प्रदूषण के कारण सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा।

### फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद

दिन के समय मौसम गर्म रहने से किसानों की चिंता बढ़ रही थी। इससे सरसों और गेहूं की फसलों के विकास पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा था। फसलों के रोग की चपेट में आने की आशंका भी बनी हुई थी। अब दिन के समय कड़ाके की ठंड शुरू होने से दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा। कृषि विशेषज्ञों की सलाह है कि किसानों को गेहूं और सरसों की नियमित रूप से हल्की सिंचाई करनी चाहिए। इस समय अगर बारिश होती है, तो दोनों फसलों कुछ दिनों तक सिंचाई की आवश्यकता नहीं होगी।

# आलियावास से लापता व्यक्ति का सुराग नहीं

■ केस दर्ज करने के बाद थाना खोल पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी

कुंड। आलियावास से गत 28 दिसंबर को घर से लापता हुए व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिला। केस दर्ज करने के बाद थाना खोल पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

लगभग 55 वर्षीय रामजस तीन दिन पहले सुबह के समय बिना बताए घर से कहीं चला गया। जब वह शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने इसकी शिकायत थाना खोल पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आसपास के थानों में सूचना प्रेषित की है, ताकि लापता का सुराग मिल सके।






# कैंटर ने मारी घोड़ा गाड़ी को टक्कर, एक की मौत

धारूहेड़ा। नंदरामपुर बास रोड पर बुधवार सुबह एक घोड़ा गाड़ी को कैंटर ने टक्कर मार दी। घोड़ा गाड़ी पलटने से उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। राजस्थान के गांव जीवाना निवासी लगभग 60 वर्षीय ताराचंद अपनी घोड़ा गाड़ी में लोहे का गेट लेकर गांव जा रहा था। बास रोड पर एक कैंटर ने घोड़ा गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे घोड़ा गाड़ी पलट गई। ताराचंद गाड़ी के नीचे गिर गया। उसके ऊपर लोहे का गेट गिर गया। कैंटर चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। आसपास के लोगों ने उसे गेट के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नव वर्ष विकास, सद्भाव और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बनेगा: लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



विधायक लक्ष्मण सिंह यादव।

■ नव वर्ष में इन विकास कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने नव वर्ष के आगमन पर जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए मंगल जीवन की कामना की है। विधायक ने कहा कि नव वर्ष 2026 सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति लेकर आएगा और यह वर्ष विकास, सद्भाव और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बनेगा। विधायक यादव ने कहा कि बीता वर्ष अनेक चुनौतियों के साथ-साथ उपलब्धियों का साक्षी रहा है। नागरिकों के सहयोग, विश्वास और सहभागिता से रेवाड़ी में विकास कार्यों को गति मिली है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल व बिजली सहित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नव वर्ष में इन विकास कार्यों को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे नववर्ष में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर राष्ट्र विकास में अपना योगदान दें।

# नव वर्ष 2026 जिले की प्रगति के लिए होगा खास: डीसी



डीसी अभिषेक मीणा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने नव वर्ष पर जिला वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों सहित जिला वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सदैव सजग रहें। उन्होंने जिले के विकास के लिए सबको कड़ी मेहनत, लगन के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नव वर्ष हम सभी के जीवन में नई खुशियां व उमंग लेकर आए।

डीसी ने आशा व्यक्त की है कि नव वर्ष 2026 जिले की प्रगति के लिए खास होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना व क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता हैं।

# युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

खोरी। मायन गांव में मंगलवार की रात करीब 45 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। गांव निवासी महेंद्र रात के समय खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था। बुधवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा, तो परिजनों ने उसके कमरे में झांककर देखा। उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार महेंद्र शराब पीने का आदि था, जिस कारण परिवार में क्लह की स्थिति बनी रहती थी। इसी के चलते उसने मौत को गले लगा लिया।








## खबर संक्षेप



### खेल महोत्सव में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से आयोजित सांसद खेल महोत्सव में जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल की बारह छात्राओं की टीम ने फुटबॉल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करके द्वितीय स्थान हासिल किया। उपविजेता टीम को 21000 रुपये की नकद राशी देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रबंधन समिति व प्रधानाचार्य सुनीता पारीक ने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

### हादसे के बाद फरार चालक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने 2 अक्टूबर 2025 को हुए हादसे के बाद आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने पाली निवासी चालक धर्मबीर को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 29 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद इस मामले में तुलेश दीवान का बास अलवर राजस्थान निवासी शौकत खान को गिरफ्तार किया गया है। उस पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे।

### दहेज प्रताड़ना मामले में दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने गत 28 दिसंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के देवास महेन्द्रगढ़ निवासी सत्यवान को गिरफ्तार किया है। वही दूसरे मामले में पुलिस ने 29 दिसंबर को दर्ज किए गए मामले में बतरा कॉलोनी रेवाड़ी निवासी आशीष वशिष्ठ को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अलग-अलग मामलों दो पीओ को भेजा जेल


**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ को गिरफ्तार किया है। बावल कोर्ट ने एक मामले में गावंडी नीमकाथाना जिला सीकर राजस्थान निवासी विक्रम सिंह को पीओ घोषित किया था। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विक्रम सिंह के खिलाफ गत 30 अक्टूबर को अवमानना का केस दर्ज किया था। दूसरे मामले में धारूहेड़ा थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित पीओ देवराभुरा जिला सम्भल यूपी निवासी आरोपी ऋषिपाल को काबू किया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### धोखाधड़ी मामले में दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 20 मई 2016 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा कर रही थी। इस मामले में पुलिस ने निमोठ निवासी राजेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में धारूहेड़ा थाना पुलिस ने जीलाणी माता रोड बहरोड हाल किरायेदार न्यू कॉलोनी मुरलीपुरा जयपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह को काबू किया है।

### भजन गायक राहुल सांवरा व गायक संजय शर्मा ने किया भक्ति से सराबोर

# सुन ले दुखिया इस संसार में चौखट दोनों सच्ची... भजनों पर झूमे भक्त




रेवाड़ी। एकादशी पर सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा तथा श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए गायक राहुल सांवरा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में मंगलवार रात्रि पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 124वें संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में दिल्ली से भजन गायक राहुल सांवरा व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। एकादशी पर श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्याम बाबा की विधिवत रूप से ज्योत प्रज्जवलित करके संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। बुधवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### गायकों ने अनेक भजन सुनाकर किया भावविभोर

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश वंदना तथा श्रीराम व बालाजी महाराज की स्तुति से संकीर्तन का शुभारंभ किया। उन्होंने 'बहुत बड़ा दातार खाटूवाला, है यारों का यार खाटूवाला' सहित अनेक भजन सुनाएं। इसके बाद दिल्ली से गायक राहुल सांवरा ने अनेक भाव भरे भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। भजन गायका ने 'तू मेरा चित चोर पुराना, तेरी-मरी यारी, इस बंदे के हिवड़े ऊपर मोहर लगी है थारी, मेरा काम तेरी हाजरी लगाना, बाबा का दरबार लगा है', 'हमने अपना नियम बनाया खाटूधाम आने का, श्याम तेरा क्या फर्ज नहीं है भक्तों के घर आने का, आज लगी बाबा की अदालत और आज सुनाई होएगी, न जाने कितनों की आंखे आज खुशी से रोएगी,'., 'सुन ले दुखिया इस संसार में चौखट दोनों सच्ची, खाटू को मंदिर हैं सांचों और रेवाड़ी की गद्दी' व 'जाने अभी न दूंगा, मेहमान तुम मेरे हो, सेवक हूं मैं तुम्हारा, भगवान तुम मेरे हो' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया।

#### ये रहे मौजूद

श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, मनीष सचदेवा, सुभाष शर्मा, पुरुषोत्तम, अनिल मखीजा, संजय सहगल, नवीन शर्मा, राहुल, संगीता मित्तल, मीनाक्षी, शीतल, वंदना, हीना, सोनू, आरती, अभिलाषा व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सोलहराही श्याम मंदिर में एकादशी पर भजन संध्या का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-1 सोलहराही स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार रात्रि पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम दीवाना मंडल की ओर से भजन-कीर्तन संध्या और भंडारे का आयोजन किया गया। गायक कलाकार मोहनलाल आहूजा, गोपी सोनी, राहुल राणा व ओमप्रकाश शास्त्री ने अनेक मनमोहक भजनों से खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया।

कीर्तन के साथ ही आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंडल के प्रधान मनोज यादव एडवोकेट ने बताया कि श्री श्याम बाबा के मंदिर में प्रत्येक महीने की चांदनी एकादशी पर कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर श्याम दीवाना मंडल के संस्थापक श्याम सुंदर आहूजा, मंडल से नवनीत सोनी, नरेश गुलयानी, दीपेंद्र शर्मा, राजन भल्ला, दिलीप तिवारी, श्रीभगवान शर्मा, बहादुर सिंह, पवन आहूजा, पीयूष सलूजा, मयंक सोनी व एडवोकेट नरेश अधाना एडवोकेट सहित मंडल के सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## योग और आयुर्वेद की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया

- पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे जिला और तहसील प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

पतंजलि योग समिति के पांचों संगठनों के जिला और तहसील के 13 प्रभारियों ने पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में योगगुरु स्वामी रामदेव के सानिध्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी प्रशिक्षण शिविर में योग और आयुर्वेद की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर से लौटे भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी व कोसली गांव निवासी दयानंद आर्य ने बताया कि सभी ने योग ओर आयुर्वेद को जिले के हर घर तक पहुंचाने तथा स्वदेशी जागरण और भारतीय शिक्षा बोर्ड की शिक्षा प्रणाली को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में योग कक्षाओं के विस्तार के साथ-साथ सहयोग शिक्षक और मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर भी लगाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की आगामी रूपरेखा तय करने के लिए भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति की बैठक 4 जनवरी को प्रातः 11 बजे अग्रसेन चौक के पास स्थित सुभाष पार्क रेवाड़ी में आयोजित की जाएगी।

## समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए युवा वर्ग : विधायक डा. कृष्ण

- आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने जिले के नागरिकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में नई उम्मीदें, सकारात्मक ऊर्जा और प्रगति के अवसर लाने की मंगल कामनाएं की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बावल के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य जा रहे हैं और नव वर्ष में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करें तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और आपसी सहयोग ही किसी भी क्षेत्र की असली ताकत होती है। उन्होंने सभी नागरिकों से एकजुट होकर विकास कार्यों में सहयोग देने और एक बेहतर, मजबूत और खुशहाल बावल के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान भी किया।



रेवाड़ी। बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार।

## कार्यक्रम — राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा मेंहुआ कार्यक्रम

# प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सवा सौ विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में बुधवार को प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएफओ दीपक प्रभाकर पाटिल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने की। प्रदेश सरकार के एमिनेंट पर्सन विक्रम पांडे विशिष्ट अतिथि थे। सरपंच सरिता यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में युवा चेतना संगठन के अध्यक्ष नरेश भारद्वाज तथा महासचिव प्रदीप यादव ने भी शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब सवा सौ विद्यार्थियों, एक दर्जन शिक्षकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कला अध्यापिका लक्ष्मी यादव के निर्देशन में विद्यालय के सांस्कृतिक क्लब के विद्यार्थियों ने मनोहारी प्रस्तुतियों से भावविभोर किया। ग्राम पंचायत तथा युवा चेतना संगठन की ओर से करीब सवा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीएफओ पाटिल ने कहा कि छात्र जीवन व्यक्तित्व निखार का स्वर्णिम काल होता है, इसलिए विद्यार्थी अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लें। प्राचार्य ने विद्यालय की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति के बाद भी विद्यालय में सेवाएं दे रहे अंग्रेजी प्राध्यापक एवं लेखक यशपाल आर्य को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



रेवाड़ी। प्रतिभा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शिक्षा, स्कूल प्रबंधन तथा पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए एबीआरसी अनुराधा चौहान, मुख्य अध्यापक शशि कपूर, रेंज ऑफिसर जितेंद्र कुमार, प्रेम सैनी, योगेश तंवर, धर्मवीर, नरेश कुमार तथा नरबीर भी सम्मानित किए गए। विद्यालय के अध्यापक शक्ति सिंह तथा मंजू शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों सहित गांव के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संस्था सदस्य, शिक्षक व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों को सर्दी में स्वस्थ रहने के दिए उपयोगी टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से बुधवार को ठाकर दास पब्लिक स्कूल में प्रेरणादायक कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा सर्दी के दिनों की 15 दिन कस अवकाश विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी करने हेतु सुंदर अवसर है। यदि छात्र प्रत्येक दिन के 24 घंटे के समय का निश्चित समय प्रबंधन कर लें तो इन्हीं 15 दिनों में वार्षिक परीक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षाविद प्रो सी एल सोनी, संरक्षक अरुण गुप्ता, समाजसेवी संजीव आर्य व शिक्षिका प्रीति कपूर ने विद्यार्थियों को सर्दी के मौसम में स्वस्थ रहने के उपयोगी टिप्स दिए। प्राचार्या ज्योति शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य भेंट किए गए।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में अध्यापिका मुकेशलता, सुधा बंसल, वीना मखीजा, सुमन मलिक, रेखा गोयल, जयोति पोपली, शशि वर्मा, श्वेता सलूजा व रबीना सेन मौजूद रही।

## अपहरण एवं लूट के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

- दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस



रेवाड़ी। आरोपी हिमांशु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

कसोला थाना पुलिस ने गत 7 मई की रात को कि गांव मुरादपुरी निवासी एक व्यक्ति के अपहरण एवं लूट के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव कोजिंदा निवासी हिमांशु के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

गांव मुरादपुरी निवासी हरीश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह गत 7 मई की रात को होटल पर खाना खाने के बाद अपने घर आ रहा था। जब वह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी को अपने घर से कुछ ही दूरी पर खड़ी करने के बाद घर के लिए चला, तो उसे लगा कि गाड़ी का लॉक खुला रह गया है। वह चेक करने के लिए गाड़ी के पास पहुंचा तो वहां तीन-चार लोग खड़े हुए थे। इन लोगों ने उसे उसकी ही गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने यूपीआई का पिन नंबर पूछकर उसके बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर कर लिए। उसकी जेब से 13 हजार रुपये भी निकाल लिए। इसके बाद आरोपी उसे शाहजहांपुर के पास एक सुनसान जगह पर छोड़कर उसकी गाड़ी, एटीएम व गाड़ी में मौजूद अन्य कागजात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव गंडाला निवासी कर्मवीर उर्फ मोनू व जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल के मोहल्ला मालीटीबा हाल आबाद मोहल्ला रामनगर निवासी दीपक को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मंगलवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी हिमांशु को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## दीपिका अखिल भारतीय महिला कांग्रेस में राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष दीपिका यादव को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस में राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर का दायित्व मिला है। इस नियुक्ति पर दीपिका यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, वेणुगोपाल, कप्तान अजय सिंह यादव, चौधरी बीरेंद्र सिंह, कुमारी शैलजा व प्रदेश अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया है। दीपिका यादव ने कहा कि इस जिम्मेदारी को वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी तथा कांग्रेस पार्टी की सेवा व संगठन को सशक्त करने और महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य के लिए सदैव तत्पर रहेंगी।



## हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में चयनित हुई प्रेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के गांव रोलियावास की होनहार बेटी प्रेक्षा वशिष्ठ ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में वैज्ञानिक पद पर चयन प्राप्त किया है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में तृतीय स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव, क्षेत्र और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रेक्षा ने इस उपलब्धि का संपूर्ण श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों, व गुरुजनों के मार्गदर्शन व सहयोग को दिया हैं। प्रेक्षा के पिता सतपाल वशिष्ठ सहित परिवारजनों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। क्षेत्र से डा. कृष्ण कुमार, सतीश शर्मा, डा. ब्रह्मप्रकाश, डा. दिनेश शर्मा, महेश शास्त्री, राकेश सिंगल, राकेश वशिष्ठ, अजीत सरपंच, मास्टर राजनारायण, गांव रोलियावास की सरपंच पूजा, भगवान परशुराम शिक्षा समिति व प्राचार्य अरविंद ने प्रेक्षा की सफलता को क्षेत्र के युवाओं और विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रेक्षा के दादा डा. राजेन्द्र प्रसाद ने आईआईटी कानपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी तथा वे जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में वैज्ञानिक एवं निदेशक जैसे उच्च पदों पर कार्यरत रहे।



## सोलहराही व बड़ा तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य लगभग पूरा

# पर्यटन स्थल के रूप में सौन्दर्य बढ़ाएंगी दो ऐतिहासिक धरोहर

अब रंग-रोगन करके भरा जाएगा साफ पानी, एलईडी लाइटों से जगमग करने की तैयारी



रेवाड़ी। ऐतिहासिक बड़ा तालाब को दिया गया प्राचीन लुक। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सोलहराही तालाब में किराये के लिए बनाई गई दुकानें। फोटो : हरिभूमि

***अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ कार्य फिलहाल बंद पड़ा हुआ है, अब दोनों तालाबों का करीब 20 प्रतिशत कार्य बचा हुआ है***

हेमंत शर्मा ▸▸ रेवाड़ी

शहर के दो ऐतिहासिक तालाब सोलहराही व बड़ा तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए जीर्णोद्धार का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ कार्य फिलहाल बंद पड़ा हुआ है। अब दोनों तालाबों का करीब 20 प्रतिशत कार्य बचा हुआ है। आगामी नव वर्ष में कार्य पूरा होने के बाद दोनों ऐतिहासिक तालाब शहर का सौन्दर्य बढ़ाएंगे। मार्च 2026 से पहले कार्य पूरा होने की संभावना है। तालाबों की दीवारों को प्राचीन लुक दिया गया है। अब रंग-रोगन का कार्य किया जाएगा। इसके बाद तालाबों को पर्यटन स्थल के रूप में सजाया करकर इनमें साफ पानी भरा जाएगा। पानी भरने के बाद भविष्य में टूरिज्म विभाग की ओर से तालाबों में नाव चलाने की भी प्लानिंग है। बड़ा तालाब व सोलहराही तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से किया गया है, जिसके लिए मध्यप्रदेश भोपाल की बीएनएस कंपनी को ठेका दिया था। इन तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए हरियाणा पोंड अथॉरिटी की ओर से मंजूरी दी गई थी। दोनों तालाबों के जीर्णोद्धार में करीब 9 करोड़ रुपये खर्च किए गए है।

### देखरेख के अभाव में टूटी बैंच

सोलहराही तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य करीब दो महीने से बंद पड़ा हुआ है। तालाब में पूरे दिन युवकों का जमावड़ा लगा रहता है। युवक तालाब में खेल गतिविधियां करने में लगे है। ऐसे में शरारती तत्वों की ओर से ऐतिहासिक धरोहर को नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। देखरेख के अभाव में सोलहराही तालाब में लगाई गई पत्थर की बैंच को भी तोड़ दिया गया है।

### पानी के लिए बिछाई जा चुकी पाइप लाइन

सोलहराही व बड़ा तालाब को साफ पानी से भरने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से पाइप लाइन डाली जा चुकी है। जेएलएन नहर से लेकर दोनों तालाबों तक करीब 7.4 किलोमीटरर लंबी पाइप लाइन डाली गई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए 3.81 करोड़ रुपये खर्च किए गए है।

### 14 दुकानों का भी निर्माण

बड़ा तालाब के नाम से विख्यात तेज सरोवर व सेक्टर-1 स्थित सोलहराही तालाब में चारों ओर नए सिरे से घाट, छतरियां व सीढ़ियां बनाई गई है। इसके अलावा तालाब के पास लोगों के बैठने के लिए भी छतरियां अलग से बनाई गई है। सोलहराही तालाब पर किराये पर देने के लिए 14 दुकानों का भी निर्माण किया गया है, जिसमें पांच दुकानें नेहरू पार्क के साइड में व 9 दुकानें तालाब के अनाजमंडी साइड में बनाई गई है।

### तालाबों में भविष्य में नाव चलाने की योजना

बड़ा तालाब और सोलहाराही तालाब के घाट, बावड़ियां व सीढ़ियों को प्राचीन लुक दिया गया है। तालाब के पास लोगों के बैठने के लिए छतरियां बनाई गई हैं। तालाबों की दीवारों को ऐतिहासिक रूप देने के लिए राजस्थान से मंगवाए गए पत्थर लगाए गए हैं। पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए इन तालाबों में भविष्य में नाव भी चलाई जा सकती है।

### नए साल में मिलेगी सौगात

बड़ा तालाब और सोलहाराही तालाब का लगभग कार्य पूरा हो चुका है। नए साल में दोनों तालाबों में लाइटें व अन्य विद्युत सेवाओं का कार्य होगा। कार्य पूरा होने के बाद दोनों तालाब देखरेख के लिए नगर परिषद को हैंडओवर किए जाएंगे।

- सत्येंद्र सिंह, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी विभाग।

### आकर्षक लाइटों से जगमग होंगे तालाब

शहर के प्राचीन तालाब बड़ा तालाब और सोलहाराही तालाब को जगमग करने के लिए विद्युत सेवाओं के टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। दोनों तालाबों में प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा उपकरण, केबलिंग, पैनल बोर्ड, पंपों के लिए विद्युत व्यवस्था और स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के प्रावधान किए जाएंगे। बड़ा तालाब में प्रकाश व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने, घाटों के आसपास एलईडी लाइट्स, ऊर्जा-दक्ष उपकरण, भूमिगत केबलिंग और आपातकालीन सुरक्षा सिस्टम पर करीब 12.65 लाख रुपये खर्च होंगे। सोलहाराही तालाब के लिए करीब 14.13 लाख रुपये खर्च होंगे। दोनों तालाबों का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। दोनों तालाबों का करीब 10 करोड़ से सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कार्य पूरा होने पर नगर परिषद को इसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# जिले की सभी नहरों और ड्रेन की सफाई का काम समय रहते पूरा करें विभाग: डीसी

- डीसी अभिषेक मीणा ने बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि संभावित बाढ़ प्रभावित व जलभराव क्षेत्रों के लिए आवश्यक योजना तैयार करते हुए अभी से आवश्यक कदम उठाए जाएं। विभाग जिले की सभी नहरों और ड्रेन की सफाई का काम समय रहते पूरा करें। डीसी मीणा ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में बाढ़ बचाव प्रबंधन से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक लेकर प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागाध्यक्ष समन्वय स्थापित करते हुए अभी से तैयारियों शुरू करें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंप सेटों की जांच परख कर ली जाए, यदि कोई पंप सेट खराब स्थिति में हैं, उनकी समय रहते मरम्मत की जाए ताकि जरूरत पड़ने पर उनको प्रयोग में लाया जा सकें। डीसी ने कहा कि जिला में जो भी परियोजनाएं चल रही है, उन्हें तय समय सीमा में पूरा करें और जो काम अभी तक शुरू नहीं हुए है, उन्हें तुरंत शुरू कराया जाएं।

### आरपीएस कोसली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**कोसली।** आरपीएस स्कूल कोसली परिसर में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन श्रीभगवान ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विद्यालय के निदेशक हंसराज यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। प्राचार्या अंजू यादव ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समस्त शिक्षक स्टाफ मौजूद रहा।

### नौकरी के नाम पर 4.5 लाख की ठगी

**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने दिल्ली नगर निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर 4.5 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वर्ष 2023 में पुलिस को दर्ज शिकायत में असदपुर निवासी राहुल ने बताया था कि उसके गांव के रहने वाले मंतोष ने उसे राजस्थान के बिलानी निवासी भूपेंद्र से मिलवाया था। मंतोष ने बताया कि भूपेंद्र की दिल्ली नगर निगम में बड़े-बड़े अधिकारियों से जान-पहचान है। वह उसे नगर निगम में नौकरी लगवा देगा। मंतोष के कहने पर उसने भूपेंद्र के खाते में अपने खाते से 4 लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए। उसने 50 हजार रुपये भूपेंद्र को नकद दे दिए।इ इसके बाद कई दिनों तक भूपेंद्र ने उससे कोई बात नहीं की। बाद में भूपेंद्र ने उसे 24 फरवरी 2022 की मुहर लगा एक ज्वाइनिंग लेटर दे दिया, जिस पर ज्वाइनिंग की डेट 5 व 17 मई लिखी हुई थी। जब वह लेटर लेकर संबंधित कार्यालय में पहुंचा तो उसे बताया गया कि यह लेटर फर्जी है। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर 5 नवंबर 2023 को धोखाधड़ी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

### रेवेन्यू कोर्ट के मामले ज्यादा समय तक न रहें लंबित: एसडीएम

**कोसली।** कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित लंबित कार्यों को जल्द पूरा कर आमजन को मामलों में राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू कोर्ट में भी 10 से 15 साल पुराने मामलों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एसडीएम बुधवार को अपने कार्यालय में राजस्व विभाग की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि सब डिविजनल मजिस्ट्रेट होने के नाते उनका प्रयास शुरू से यह रहा है कि पुराने कोर्ट मामलों का निपटारा कर लोगों को इनमें बार-बार चक्कर लगाने से छुटकारा दिलाया जाए। इसके बावजूद कुछ मामले ऐसे हैं, जो कि राजस्व विभाग के कार्य लंबित होने की वजह से सुलझ नहीं पाए हैं। इसलिए कोर्ट केस में जिन मामलों में निशानदेही, इंतकाल, भूमि तकसीम, नक्शा बनाने जैसे कार्य अधूरे पड़े हुए हैं, उनको प्राथमिकता से पूरा करें, जिससे कि कोर्ट में केस पर जल्द फैसला हो सके। एसडीएम ने कहा कि राजस्व विभाग के कर्मचारी फील्ड में सक्रिय रहें और कोर्ट केस को गंभीरता से लेते हुए इनका समाधान कराने में अपना सहयोग दें।







राजा राव तुलाराम
राव बिरेन्द्र सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री
हरियाणा सरकार
आप सभी क्षेत्रवासियों को नव वर्ष 2026 लोहड़ी व मकर संक्रांति की
हार्दिक शुभकामनाएं
राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और
आयुष मंत्री हरियाणा सरकार
आपका अपना
अजय पटौदा
चेयरमैन, दी रेवाड़ी सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, रेवाड़ी


आप सभी क्षेत्रवासियों को
नव वर्ष 2026 लोहड़ी व
मकर संक्रांति
की
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
हार्दिक
शुभकामनाएं
राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और
आयुष मंत्री हरियाणा सरकार
आपका अपना
राहुल यादव
समाज सेवी रेवाड़ी
9910240314